# अम्बेडकर इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट सोसाइटी,
## ८/३४०, विकास नगर, लखनऊ, उ०प्र०

Covering Letter

पत्रांक J.A.C.P./2022/002

दिनांक 30/06/2022

सेवा में,

सचिव
प्राविधिक शिक्षा परिषद्
लखनऊ उ0प्र0।

विषयः अम्बेडकर इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट सोसाइटी, द्वारा प्रस्तावित "आइडियल अरिकेत कॉलेज ऑफ फार्मेसी एण्ड पैरामेडिकल साइंसेज" ग्राम–अमरसन्डा, जिला–बाराबंकी में डिप्लोमा इन फार्मेसी(डी0फार्मा0) पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने के क्रम में परीक्षा प्राधिकारी की सहमति (Consent of Examination Authority) के सम्बन्ध में।

महोदय,

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI) के परिपत्र Ref. No. 14-56/2022 (Approval Process for 2022-2023 as)/1162-23: दिनांक 21/06/2022 (संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करना चाहेः जिसके माध्यम से यह सूचित किया गया है कि (PCI) द्वारा नए फार्मेसी संस्थान स्थापित करने हेतु आवेदन के लिए पोर्टल माननीय सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश दिनांक 31/05/2022 के अनुपालन में खोला जाना प्रस्तावित है।

मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में हमारी संस्था द्वारा प्रस्तावित "आइडियल अरिकेत कॉलेज ऑफ फार्मेसी एण्ड पैरामेडिकल साइंसेज" में डी0फार्मा0 कोर्स का संचालन प्रस्तावित है।

अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि अम्बेडकर इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट सोसाइटी, द्वारा प्रस्तावित "आइडियल अरिकेत कॉलेज ऑफ फार्मेसी एण्ड पैरामेडिकल साइंसेज" ग्राम–अमरसन्डा, जिला–बाराबंकी में सत्र 2022–23 से डी0फार्मा0 के संचालन हेतु PCI को आवेदन करने हेतु **"परीक्षा प्राधिकारी की सहमति"** (Consent of Examination Authority) जारी करने की कृपा करें। आवश्यक दस्तावेज संलग्न है।

धन्यवाद

संलग्नः– संलग्न सारणी अनुसार।

भवदीय
May

# अम्बेडकर इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट सोसाइटी,
## ८/३४०, विकास नगर, लखनऊ, उ०प्र०

पत्रांक IACP/2022/001 दिनांक 30.06.2022

**अम्बेडकर इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट सोसाइटी की बैठक दिनांक 30.06.2022 का कार्यवृत्त**

दिनांक 27.06.2022 को प्रसारित सूचना के अधारित एजेण्डा के आलोक में आज दिनांक 30.06.2022 को **अम्बेडकर इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट सोसाइटी, 8/340, विकास नगर, लखनऊ, उ0प्र0 के प्रबन्धकारिणी समिति की बैठक** अध्यक्षा श्री राजकुमार गुप्ता की अध्यक्षता में **अम्बेडकर इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट सोसाइटी** के बैठक कक्ष में प्रातः 10:00 बजे निम्नलिखित एजेण्डा के आलोक मे बैठक आरम्भ हुई।

| | |
|---|---|
| एजेण्डा:– | 1. प्रबन्धकारिणी समिति की पिछली बैठक की पुष्टि हेतु प्रस्ताव।<br>2. पूर्व में प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना की अनुमति का प्रस्ताव।<br>3. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से। |

| क्रमांक | नाम | पद | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री राजकुमार गुप्त | अध्यक्ष | [signature] |
| 2 | श्रीमती कान्ती कुमार | उपाध्यक्ष | Kanti Kumar |
| 3 | श्रीमती माया आनन्द | प्रबन्धक/सचिव | [signature] |
| 4 | श्रीमती भावना | कोषाध्यक्ष | भावना |
| 5 | श्री ऋषभ आनन्द | सदस्य | [signature] |
| 6 | श्री पारसनाथ गुप्ता | सदस्य | पारसनाथ गुप्ता |
| 7 | श्री गोपाल सिंह बिष्ट | सदस्य | G.S. Bisht |
| 8 | श्री कुबेर प्रसाद | सदस्य | कुबेर प्रसाद |

**प्रस्ताव सं0–1.** गणपूर्ति को ध्यान में रखते हुये अध्यक्ष महोदय ने कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की। बैठक कार्यवाही आरम्भ हुई:–

**प्रस्ताव सं0–2.** प्रबन्धकारिणी समिति की पिछली बैठक कार्यवाही प्रबन्धक श्रीमती माया आनन्द ने पढकर सुनाया। उपस्थित सभी सदस्यों ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि की।

**अनुमोदन–** श्री राजकुमार गुप्ता, अध्यक्ष ने सभा को यह अवगत कराया कि समाज हित को ध्यान मे रखते हुए समिति द्वारा पूर्व मे डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना हेतु प्रस्ताव किया गया था। अतः समिति द्वारा ग्राम–अमरसन्डा, परगना–कुर्सी, तहसील–फतेहपुर, जिला–बाराबंकी उ0प्र0 मे एक डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना एवं संचालन हेतु प्रस्ताव किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है।

**प्रस्ताव सं0–3.** उपस्थित सभी सदस्यो ने सर्व सम्मति से ग्राम–अमरसन्डा, परगना–कुर्सी, तहसील–फतेहपुर, जिला–बाराबंकी उ0प्र0 मे डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना के इस प्रस्ताव का समर्थन किया और स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही हेतु प्रबन्धक श्रीमती माया आनन्द को अधिकृत किया तथा उक्त कॉलेज की स्थापना मे जैसे–भूमि, भवन, फर्नीचर, वेतन, आदि मदों में व्यय हेतु समिति के कोष से धन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया एवं इन कार्यों हेतु भी प्रबन्धक श्रीमती माया आनन्द को अधिकृत किया गया।

**अनुमोदन–** श्री ऋषभ आनन्द, सदस्य ने प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज के नामकरण की आवश्यकता से अवगत कराया तथा प्रस्तावित संस्थान हेतु "आइडियल अरिकेत कॉलेज ऑफ

# अम्बेडकर इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट सोसाइटी,
## ८/३४०, विकास नगर, लखनऊ, उ०प्र०

पत्रांक .............. दिनांक ..............

| | |
|---|---|
| | फार्मेसी एण्ड पैरामेडिकल साइंसेज" (Ideal Ariket College of Pharmacy & Paramedical Sciences) नाम प्रस्तावित किया। |
| **प्रस्ताव सं0–4.** | उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज का नाम "आइडियल अरिकेत कॉलेज ऑफ फार्मेसी एण्ड पैरामेडिकल साइंसेज" (Ideal Ariket College of Pharmacy & Paramedical Sciences) रखने का समर्थन किया। |
| **अनुमोदन–** | श्री पारसनाथ गुप्ता, सदस्य ने यह प्रस्ताव किया कि प्रस्तावित कॉलेज हेतु भूमि चिन्हित कर दिया जाय तथा ग्राम–अमरसन्डा, परगना–कुर्सी, तहसील–फतेहपुर, जिला–बाराबंकी उ0प्र0 में उपलब्ध समिति की भूमि गाटा सं–1123 / 0.7590है0 व 1125 / 0.2400है0 कुल रकबा 0.9990है0 पर लेने का विचार किया गया। |
| **प्रस्ताव सं0–5.** | उपस्थित सभी सदस्यों के सम्मत विचारोपरान्त सर्व सम्मति से ग्राम–अमरसन्डा, परगना–कुर्सी, तहसील–फतेहपुर, जिला–बाराबंकी उ0प्र0 मे उपलब्ध समिति की भूमि गाटा सं– 1123 / 0. 7590है0 व 1125 / 0.2400है0 कुल रकबा 0.9990है0 को "आइडियल अरिकेत कॉलेज ऑफ फार्मेसी एण्ड पैरामेडिकल साइंसेज" (Ideal Ariket College of Pharmacy & Paramedical Sciences) के निर्माण एवं संचालन हेतु चिन्हित किया तथा प्रबन्धक श्रीमती माया आनन्द को उक्त भूमि पर निर्माण व संचालन एवं सभी विधिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत किया गया। |
| **अनुमोदन–** | श्री कुबेर प्रसाद, सदस्य ने प्रस्तावित "आइडियल अरिकेत कॉलेज ऑफ फार्मेसी एण्ड पैरामेडिकल साइंसेज" (Ideal Ariket College of Pharmacy & Paramedical Sciences) के सुगम संचालन एवं प्रबन्धन हेतु समिति के प्रबन्धक श्रीमती माया आनन्द को उक्त कॉलेज के संस्था प्रमुख / प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव किया। |
| | उपस्थित सभी सदस्यों ने विचार–विमर्श कर सर्वसम्मति से प्रबन्धक श्रीमती माया आनन्द को प्रस्तावित "आइडियल अरिकेत कॉलेज ऑफ फार्मेसी एण्ड पैरामेडिकल साइंसेज" (Ideal Ariket College of Pharmacy & Paramedical Sciences) के संस्था प्रमुख / प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति के प्रस्ताव का समर्थन किया तथा अध्यक्ष महोदया ने नियुक्ति पर अपना अनुमोदन दिया तथा अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन से सभा ने प्रस्तावित "आइडियल अरिकेत कॉलेज ऑफ फार्मेसी एण्ड पैरामेडिकल साइंसेज" (Ideal Ariket College of Pharmacy & Paramedical Sciences) की स्थापना एवं संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही, विधिक एवं सामान्य सभी प्रक्रियाओं के निस्पादन एवं सभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत एवं निर्देशित किया। |

अन्य विषय / प्रस्ताव न होने की स्थिति में अध्यक्ष महोदय को धन्यवादोपरान्त सभा की कार्यवाही सम्पन्न हुई।